अनुसंधान का प्रमुख गंतव्य बनेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : शिक्षा को सर्वसुलभ और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रदेश को प्रमुख गंतव्य बनाने पर जोर दिया जाएगा। निजी क्षेत्र की भागीदारी को और बढ़ावा दिया जाएगा। नई उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति से निजी के साथ-साथ विदेशी विश्वविद्यालय तेजी से खुलेंगे। शिक्षा को रोजगारपरक बनाने पर जोर दिया जाएगा। गुरुवार को योजना भवन में फिक्की व एराइज संस्था द्वारा शैक्षिक गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री, अधिकारी, शिक्षाविद् व उद्यमी उपस्थित रहे। यूपी को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में शिक्षा क्षेत्र के योगदान पर मंथन किया गया।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा देने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि कनेक्टिविटी व कानून-व्यवस्था बेहतर होने से निजी विश्वविद्यालय बड़ी संख्या में खुल रहे हैं। नई उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति की मदद से विदेशी विश्वविद्यालय भी यहां अपना परिसर खोलेंगे।

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि उप्र संभावनाओं वाला प्रदेश है। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर व कानून-व्यवस्था के कारण निवेशक तेजी से यहां आ रहे हैं। प्रदेश जल्द शिक्षा के हब के रूप में विकसित होगा। शिक्षाविद् टीवी मोहनदास पई ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्ता, गति व विस्तार के महत्व पर बल दिया।